# आरयूएचएस के वार्डों में मरीजों से मिले चिकित्सा मंत्री



**जयपुर ( संवाद )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने मंगलवार को आरयूएचएस अस्पताल के परिसर में स्थित विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मरीजों से कुशल क्षेम पूछी और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। डॉ. शर्मा स्वयं पॉजिटिव और अस्पताल में एडमिट होने के बावजूद लगातार अस्पताल से जुड़ी सेवाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन की ओर से कोरोना संक्रमितों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### आईसीयू बैड का किया अवलोकन

चिकित्सा मंत्री ने दूसरी और तीसरी मंजिल पर बनाए जा रहे नए 70 आईसीयू बैड का भी अवलोकन किया। वर्तमान में आरयूएचएस अस्पताल में 135 आईसीयू बैड हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही अस्पताल को 70 और नए बैड मिल जाएंगे और आईसीयू बैड्स की संख्या 205 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में 1200 ऑक्सीजन बैड हैं और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

### वरिष्ठ चिकित्सक रहे साथ

अवलोकन के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल सुधीर भंडारी, आरयूएचएच के अधीक्षक अजीत सिंह सहित कई चिकित्सक और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## देवउठनी एकादशी का अबूझ सावा

# पांच माह बाद फिर गूंजेंगी शहनाई

### कोरोना के बीच शहर में 2000 से अधिक शादियां

### शहर के 850 मैरिज गार्डन बुक

### शादी में 100 लोगों की ही अनुमति

**जयपुर ( संवाद )।**

कार्तिक शुक्ल एकादशी पर बुधवार को देवउठनी एकादशी का अबूझ सावा होने से करीब पांच माह बाद फिर से शहनाई गूंजेगी। शहर में 2 हजार से अधिक शादियां होंगी। इसे लेकर शहर के विवाह स्थल, होटल, कम्यूनिटी हॉल आदि सजकर तैयार हो गए हैं। इस बार एक शादी में सिर्फ 100 मेहमानों की अनुमति होने से कुछ मैरिज गार्डन में 2 से 3 शादियां एक साथ होंगी। इस बार होटलों में अधिक शादियां होंगी। वहीं कुछ जगहों पर लोगों ने घरों में ही शादी करने की तैयारी की है। ऐसे में लंबे अरसे बाद घरों में भी वर-वधू सात फेरे लेंगे। विवाह आयोजनों से जुड़े लोगों की मानें तो राजधानी में 2 हजार से अधिक शादियां होने से शहर के करीब 850 मैरिज गार्डन बुक हो चुके हैं। तीन सौ से अधिक होटलें और रिसोर्ट शादियों के लिए बुक हो चुके हैं। कई होटलें दो-दो शादियों के लिए



बुक बताते हैं। वहीं 100 से अधिक कम्यूनिटी हॉल सजकर तैयार हैं। इस बार कुछ शादियां घरों में ही होंगी। बाहरी कॉलोनियों में भी कुछ लोगों ने खाली जगहों पर टैंट आदि लगाकर शादियों के पांडाल सजाए हैं।

### इस साल शादी के लिए 8 शुभ मुहूर्त

अधिकमास और चातुर्मास के बाद देवउठनी एकादशी का पहला सावा होगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि इस साल सिर्फ अब 8 सावे ही हैं। 25 नवंबर को देवउठनी एकादशी है और इसी दिन पहला अबूझ सावा है। इस साल दिसंबर तक शादी के लिए 8 शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर महीने में 25, 27 व 30 तारीख के सावे हैं। इसके बाद 1, 7, 9, 10 व 11 दिसंबर को सावे हैं।

### विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| 25 नवंबर | 08 रेखा |
| 27 नवंबर | 06 रेखा |
| 30 नवंबर | 08 रेखा |
| 01 दिसंबर | 08 रेखा |
| 07 दिसंबर | 08 रेखा |
| 09 दिसंबर | 08 रेखा |
| 10 दिसंबर | 08 रेखा |
| 11 दिसंबर | 09 रेखा |

## विवाह समारोह की सूचना अब ई-मेल से

**जयपुर ( संवाद )।**

अब विवाह समारोह की अनुमति या प्रशासन को सूचना देने के लिए जिला कलेक्ट्रेट के चक्कर नहीं काटने होंगे। आवेदकों की बढ़ती संख्या से कोरोना संक्रमण फैलाव की आशंका देखते हुए जिला प्रशासन जयपुर ने ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से मंगलवार को जयपुर के सभी उपखंड अधिकारियों की ई-मेल आईडी जारी की है। अब इन ई-मेल आईडी पर आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रार्थना पत्र भेजा सकता है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से 25 नवंबर के सावे के लिए 2000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला प्रशासन जयपुर की ओर से प्राप्त आवेदनों पर अनुमति देना जारी है। मंगलवार को 600 से अधिक ऑनलाइन और ऑफलाइन अनुमति जारी की गई।

वहीं, सोमवार को यह आंकड़ा लगभग 1200 था। सूचना के लिए आयोजक का प्रार्थना पत्र मय नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं विवाह स्थल का नाम एवं संबंधित थाना, आयोजक (वर अथवा वधू के माता/पिता) का पहचान पत्र, वर और वधू के आयु संबंधित दस्तावेज, पहचान पत्र/आधार कार्ड और शादी का कार्ड आवश्यक है।

### इन ई-मेल आईडी पर करें आवेदन

| उपखंड अधिकारी | ई-मेल आईडी |
|---|---|
| एसडीओ जयपुर | jaipursdm@gmail.com |
| एसडीओ सांगानेर | sdowsan@gmail.com |
| एसडीओ आमेर | sdo.jai.amr@gmail.com |
| एसडीओ बस्सी | sdm.bassi®z\|@gmail.com |
| एसडीओ चाकसू | sdo.jai.chk@gmail.com |
| एसडीओ चौमूं | sdo.jai.gov@gmail.com |
| एसडीओ दूदू | sdmduduv®®@gmail.com |
| एसडीओ जमवारामगढ़ | sdo.jai.jr@gmail.com |
| एसडीओ कोटपूतली | sdo.jai.kot@gmail.com |
| एसडीओ फागी | sdo.jai.pha@gmail.com |
| एसडीओ सांभर | sdosmbr@gmail.com |
| एसडीओ शाहपुरा | sdo.jai.shp@gmail.com |
| एसडीओ विराटनगर | sdo.jai.vrt@gmail.com |

## मानसरोवर से मिले सबसे ज्यादा 38 मरीज, झोटवाड़ा से 35 और वैशाली नगर से 31 मरीज

# कोरोना : लापरवाही नहीं हो रही कम, जयपुर में 656 नए मरीज

**जयपुर ( संवाद )।**

राजस्थान में कोविड की दूसरी लहर कहर ढा रही है। राजधानी में कोरोना पर लगाम की सरकारी कोशिशें नाकाम नजर आ रही हैं। मंगलवार को जयपुर में एक ही दिन में फिर 656 नए कोविड संक्रमित रोगी मिले हैं। इनमें मानसरोवर इलाका आगे है, जहां से 38 कोरोना संक्रमित मिले। अन्य इलाकों में झोटवाड़ा से 35 तो वैशाली नगर से 31 मरीज मिले हैं। इसबीच, राजधानी के अस्पतालों और आम लोगों के लिए यह दबाव का समय है। महामारी ने विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

### इन इलाकों का यह हाल

मंगलवार के आंकड़ों में दुर्गापुरा से 28, सांगानेर से 25, सोढाला से 25, मालवीय नगर से 24, जगतपुरा से 23, जवाहर नगर से 22, शास्त्री नगर से 21, अजमेर रोड से 19, प्रतापनगर से 18, टोंक फाटक से 18, गोपालपुरा से 17, आदर्श नगर से 15, बनीपार्क से 14, आमेर से 13, महेश नगर से 13, ब्रह्मपुरी से 12, राजापार्क से 12, विद्याधर नगर से 12, टोंक रोड से 12, चांदपोल से 11, बगरू से 9, मुरलीपुरा से 9, सी-स्कीम से 8, लालकोठी से 8, सीकर रोड से 8, सिरसी से 7, गांधीनगर से 6, गोविंदगढ़ से 6, त्रिवेणी नगर से 6, जौहरी बाजार से 6, कोटपूतली से 6,



एसएमएस से 5, अंबाबाड़ी से 5, बापू नगर से 5, फागी से 5, चाकसू से 5, सिविल लाइंस से 5, हसनपुरा से 5, तिलक नगर से 5, जोबनेर से 5, रामगंज से 5, जेएलएन मार्ग से 4, दूदू से 4, एमडी रोड से 4, हरमाड़ा से 4, जामडोली से 4, स्टेशन रोड से 4, गुर्जर की थड़ी से 3, बस्सी से 3, भांकरोटा से 3, बजाज नगर से 3, फुलेरा से 3, ज्योति नगर से 3, लूणियावास से 3, चौड़ा रास्ता से 2, सुभाष चौक से 2, सेठी कॉलोनी से 2, जयसिंहपुरा खोर से 2, किशनपोल से 2, जमवारामगढ़ से 2, पुरानी बस्ती से 2, गंगापोल से 1, घाटगेट से 1, गोनेर से 1, माणक चौक से 1, सीतापुरा से 1, रामबाग से 1, रामगढ़ मोड़ से 1, सांभर से 1, सांगानेरी गेट से 1, शाहपुरा से 1 और विराट नगर से 1 नए कोरोना संक्रमित दर्ज किए गए हैं।

## हाट बाजार में कोरोना उड़ी गाइडलाइन की धज्जियां



### प्रताप नगर स्थित भैंरूजी सर्किल पर नियमों की पालना नहीं

जयपुर (संवाद)। सरकार की ओर से कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या देखते हुए धारा 144 लगाई गई है। ऐसे में प्रताप नगर स्थित भैंरूजी सर्किल पर मंगलवार को लगाए गए हाट बाजार में कोविड-19 के तहत गाइडलाइन की धज्जियां उड़ती नजर आई। हाट बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़ सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ा रही थी। इससे कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा नजर आया।

स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि भैंरूजी सर्किल पर हाट बाजार में राज्य सरकार की गाइडलाइन की बिल्कुल भी पालना नहीं कर हो रही। मनमर्जी से हाट बाजार लगाया जा रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन को भी अवगत कराया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ।

## भाजपा दो दिन बाद करेगी प्रत्याशियों की घोषणा



### निकाय चुनाव के नामों पर मंथन

**जयपुर ( संवाद )।**

प्रदेश के 42 निकायों में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रत्याशियों के नामों पर मंथन तेज कर दिया है। भाजपा मुख्यालय पर मंगलवार को हुई बैठक में ज्यादातर प्रत्याशियों के नामों पर फैसला हो चुका है, लेकिन पार्टी 26 नवंबर तक नामों की घोषणा करेगी। नगर निगम चुनाव में विधायकों की नाराजगी को देखते हुए पार्टी इस बार विधायकों को भी पूरी तवज्जो देगी। बैठक में निकाय प्रभारी और जिलाध्यक्षों की ओर से आए पैनल के नामों पर चर्चा कर प्रत्याशियों के नामों को फाइनल करने का काम किया गया। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित अलग-अलग जिलों के भी कई पदाधिकारी प्रत्याशियों के नामों का पैनल लेकर यहां पहुंचे। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि हमने पर्याप्त समय पहले प्रभारी नियुक्त किए और उन्होंने सर्वे के आधार पर प्रत्याशियों के नाम सुझाए हैं। उनके आधार पर ही प्रत्याशियों का चयन हो रहा है। बीजेपी गुरुवार तक सभी निकायों में प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री वी. सतीश, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## जयपुर मेट्रो संचालन में आज से बदलाव

**जयपुर ( संवाद )।**

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लगाए गए रात्रिकालीन कर्फ्यू के चलते बुधवार से जयपुर मेट्रो के संचालन में आंशिक बदलाव किया गया है। अब बड़ी चौपड़ से मानसरोवर के लिए आखिरी मेट्रो शाम 7 बजकर 29 मिनट पर रवाना होगी। वहीं मानसरोवर से बड़ी चौपड़ के लिए आखिरी मेट्रो शाम 7 बजकर 30 मिनट पर रवाना होगी। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बताया कि कोरोना के चलते सरकार ने राजधानी में रात 8 से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लगाया है। इस रात्रिकालीन कर्फ्यू के दौरान सभी बाजार, कार्य स्थल आदि बंद रहेंगे। ऐसे में 25 नवंबर से मेट्रो के संचालन में आंशिक परिवर्तन किया गया है। बड़ी चौपड़ से मानसरोवर के लिए अंतिम मेट्रो शाम 7-29 बजे रवाना होगी। वहीं मानसरोवर से बड़ी चौपड़ के लिए आखिरी मेट्रो शाम 7:30 बजे रवाना होगी।

## मंगलवार को पहल सेवा संस्थान का अलवर शहर में 'नो मास्क -नो एंट्री'



**अलवर कासं।** अभियान के तहत बाजारों में 1000 मास्को का वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक व समाज सेवी डॉ के के शर्मा थे। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष जितेंद गोयल,सचिव लक्ष्मी नारायण गुप्ता, हरिओम गोयल,अध्यक्ष विजय कोली, दीपक गुप्ता जिला मंत्री राहुल खान यशोधन पाराशर, आशुतोष शर्मा, कुश कौशिक, धर्मेंद्र यादव, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व समाज सेवी उपस्थित थे। डॉ के के शर्मा ने बताया कि सभी लोगो के जन सहयोग और जागरूकता के साथ इस महामारी से निजात मिल पाएगी। पर हम लोग मास्क को अपनी आदत ओर मास्क लगाने के लिए अपरिचित से भी आग्रह की आदत डालें। संस्थान अध्यक्ष जितेंद गोयल ने बताया कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा जिसके तहत संस्थान हर घर तंक मास्क को लेकर जाएगा व आमजन को जागरूक करेगा। ये जानकारी सचिव लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी

## मंदिर निर्माण के लिए जुटाई राशि

**जयपुर ( संवाद )।** समाज सेवी एवं वर्तमान में जयपुर हेरेटिज नगर निगम वार्ड 50 से नवनिर्वाचित पार्षद पवन शर्मा नटराज का वार्ड के स्थानीय संतोषी माता मंदिर समिति ने स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष मोहन शर्मा, संजीव राजपूत, अंशुमन शास्त्री, हरिमोहनशर्मा, आर.के. अग्रवाल, श्याम विजय, हेम सिंह, एडवोकेट विजय भारद्वाज, संजय शर्मा, हनुमान झालानी, मुकेश, एडवोकेट हिम्मत सिंह एवं पवन शर्मा ने मंदिर निर्माण के लिए 11 हजार रुपए का सहयोग किया। स्थानीय निवासियों ने भी मंदिर निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए एकत्रित किए।



# मांग्यावास में दो मंजिला अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग ध्वस्त

### मानबाग कॉलोनी में चार मंजिला भवन किया सील : जेडीए की बड़ी कार्रवाई

**जयपुर ( संवाद )।**

जेडीए ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मांग्यावास में 100 फुट सेक्टर रोड पर दो मंजिला अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग को ध्वस्त किया। वहीं मानबाग कॉलोनी में चार मंजिला भवन को सील किया।

जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन पीआरएन साउथ के मांग्यावास रोड पर हनुमान सिटी



में बिना जेडीए की अनुमति व स्वीकृति के सेटबैक बॉयलॉज का गंभीर वॉयलेशन कर 100 फुट सेक्टर रोड के चौराह पर कॉर्नर आवासीय भूखंड पर दो मंजिला अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण कर लिया गया, जिसे मशीनों से ध्वस्त किया गया। इसे पहले भी नोटिस दिया गया, लेकिन भूतल सहित 2 मंजिला निर्माणाधीन कॉमर्शियल बिल्डिंग में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर में 7 दुकानें मय लिफ्ट आदि का निर्माण कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस थाना मानसरोवर का भी जाप्ता मौजूद रहा।

### यहां भी की कार्रवाई

उन्होंने बताया कि जोन 2 के क्षेत्राधिकार में दिल्ली बाइपास रोड पर मानबाग कॉलोनी में बिना जेडीए की अनुमति व स्वीकृति के सेटबैक व बॉयलॉज का उल्लंघन कर बनी 4 मंजिला अवैध बिल्डिंग में 6 कमरे, 3 दुकानों व दुकानों के ऊपर तीन मंजिल के अवैध निर्माण के प्रवेश द्वार, सीढ़ियां, दुकानों के शटरों पर ताले लगवाकर सील किया गया। द्वारों व शटरों के सामने ईंटों की दीवारों से चुनवाकर सील किया। कार्रवाई के दौरान ब्रह्मपुरी थाने का जाप्ता भी मौजूद रहा।

## इंडिया पोस्टय पेमेंट्स बैंक ने बचत खाता ग्राहकों के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

# पीएमजेजेबीवाई ने पीएनबी मेटलाइफ के साथ किया करार

**नई दिल्ली एजेन्सी।** इंडियन पोस्टद्ध पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्यो रेंस कंपनी लिमिटेड के साथ मिलकर अपने ग्राहकों के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना पीएमजेजेबीवाई लॉन्च किया है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाई का लक्ष्यी विशेष तौर पर भारत के सुदूर और बैंकिंग सुविधा.विहीन क्षेत्रों के गरीबों और अभावग्रस्तोंन को वित्तीतय सुरक्षा प्रदान करना है। परिवार चलाने वाले प्रमुख कमाऊ सदस्यर की अप्रत्यागशित एवं दुखद मृत्युी की स्थिति मेंए इस योजना से परिजनों को वित्तीपय सुरक्षा प्राप्ती हो सकेगी। यह किफ़ायती बीमा योजनाए अल्पुसेवित और असेवित वर्ग के लोगों को बड़े पैमाने पर वित्ती य मुख्ये.धारा में लाने के लिए है।

लॉन्चख की घोषणा करते हुएए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्यय कार्यकारी अधिकारीए श्री जेण् वेंकटरामू ने कहाए पीएमजेजेबीवाई, ज़रूरतमंद एवं वंचित वर्गों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवच बनाने के सरकार के मिशन को आगे बढ़ता है। पीएमजेजेबीवाई जैसे उत्पा्दए इस वर्ग के लोगों में किफायती बीमा खरीदने की आदत विकसित करने में सहायक हैं। पीएनबी मेटलाइफ की दक्षता और डाक विभाग के व्याखपक नेटवर्क के जरिए पूरे भारत में हमारी बेजोड़ पहुंच के साथए हमारा उद्देश्यक समाज के विभिन्ने वर्गों की आवश्यककताएं व आकांक्षाएं पूरी करना है।

**GOENKA DIAMOND AND JEWELS LIMITED**
Regd. Office : 401, Panchratna, M.S.B. Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur 302003
CIN: L36911RJ1990PLC005651
Tel: 0141 2574175 E-mail: cs@goenkadiamonds.com

**NOTICE**

**ANNUAL GENERAL MEETING**

Notice is hereby given that the 30th Annual General Meeting (Post-IPO) of the members of Goenka Diamond and Jewels Limited ("the Company") will be held on Friday, December 18, 2020 at 11:00 a.m. at C - 114, Shivaji Marg, Vijaypath, Tilak Nagar, Jaipur – 302 004 ("the fleeting").

The Integrated Annual Report for the financial year 2019-20 including the Notice convening the Meeting has been sent to the members who have registered their e-mail address with the Depositories / Company.

The Integrated Annual Report for the financial year 2019-20 including the Notice is available on the website of the Company and also available for inspection at the Registered Office of the Company on all working days except Saturdays, Sundays and Public Holidays, during business hour up to the date of the Meeting.

The Company is providing to its members facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be passed at the Meeting by electronic means("e-voting"). Members may cast their votes using an electronic voting system from a place other than the venue of the Meeting ("remote e-voting"). The Company has engaged the services of Kfin Technologies Private Limited ("Karvy") as the Agency to provide e-voting facility.

The communication relating to remote e-voting inter alia containing User ID and password, along with a copy of the Notice convening the Meeting, has been dispatched to the members. The format of communication fore-voting is available on the website of the Company: www.goenkadiamonds.com and on the website of Karvy:

https://evoting.kfintech.com.

The remote e-voting facility shall commence on Tuesday, December 15, 2020 from 9:00 a.m. and end on Thursday, December 17, 2020 at 5:00 p.m. The remote e-voting shall not be allowed beyond the aforesaid date and time.

A person, whose name appears in the Register of Members / Beneficial owners as on the cut-off date, i.e., Friday, December 11, 2020, only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting / voting at the Meeting.

Any person who becomes member of the Company after dispatch of the Notice of the Meeting and holding shares as of the cut-off date may obtain the User ID and password inter alia by sending a request at evoting@kfintech.com. The detailed procedure for obtaining User ID and password is also provided in the Notice of the Meeting which is available on Company's website and Karvy's website. If the member is already registered with Karvy for e-voting, he can use his existing User ID and password for casting the vote through remote e-voting.

Members who have cast their vote(s) by remote e-voting may also attend the Meeting but shall not be entitled to cast their vote(s) again.

Members are requested to note the following contact details for addressing queries / grievances, if any:

Shri U S Singh, Karvy Fintech Private Limited, Karvy Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad 500 032, Phone No. +9140 6716 1700, Toll-free No. 1800 3454 001, E-mail: evoting@karvy.com

**Book Closure Date**

NOTICE is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and applicable rules there under as per applicable provisions of SEBI(LODR) 2015 that the Company has fixed Monday, December 14, 2020 to Thursday December 17, 2020 (both days inclusive) as the "Book Closure Period".

The said Notice may be accessed on the Company's website at www.goenkadiamonds.com and may also be accessed on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

For **GOENKA DIAMOND AND JEWELS LTD.**
Sd/-
Place: Mumbai **Nidhi Kanoongo**
Date: November 25, 2020 Company Secretary